# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय

# राष्ट्रीय सेवा योजना- इकाई 1, हल्द्वानी

# आख्या

## सात दिवसीय विशेष शिविर

**(*दिनांक 02-01-2023 से 08-01-2023 तक*)**

**(राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा में आयोजित)**

सात(07) दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 2 जनवरी 2023 को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,धौलाखेड़ा में जिला पंचायत सदस्य श्री कमलेश चंदोला द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ गौरी नेगी की उपस्थिति में किया गया| उद्घाटन के उपरांत शिविर में सातदिनों में होने वाली समस्त गतिविधियों/क्रियाकलापों के बारे में शिविरार्थियों को जानकारी दी गई | शिविरार्थियों के 7 समूह बनाए गए और समूहों के अनुसार प्रत्येक दिवस की जिम्मेदारी सौंपी गई | प्रथम दिवस को स्थानीय स्तर परसफाई अभियान चलाकर स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया |






दूसरे दिन की शुरु□त प्रातः कालीन प्रार्थना से हुई | बौद्धिक सत्र में डॉ एसएन ओझा और डॉक्टर विशाल कुमार शर्मा द्वारा क्रमशः पर्यावरण एवं ऊर्जा के संसाधनों के बारे में शिविरार्थियोंको जानकारी दी गई | शाम के समय शिविरार्थियोंद्वारा अर्जुनपुर (गोरापड़ाव) में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया साईं कालीन परीक्षा नियंत्रक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया |






तीसरे दिन प्रोफेसर एके नवीन और डॉक्टर दीपांकुर जोशी द्वारा विद्यार्थियों को विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई | शासन काल में ब्रेल दिवस के अवसर पर शिविर अर्थों को लुई ब्रेल के बारे

में जानकारी दी गई □सके उपरांत स्वच्छता कार्यक्रम किया गया| चौथे दिन डॉ □शुतोष भट्ट द्वारा सा□बर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी दी गई तत्पश्चात श्री भूपेंद्र सिंह द्वारा ऑडियो मीटर एवं ऑडियोग्राम की जानकारी दी गई साईं काल में शिविर □ढ़तियों द्वारा परिसर की सफाई का कार्यक्रम किया गया |




पांचवें दिन श्री मदन सिंह बिष्ट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर क्षेत्राधिकारी द्वारा औषधीय पौधों की जानकारी प्रदान की गई साईं काल में सभी राज्यों द्वारा मलिन बस्तियों की सफाई का कार्यक्रम चलाया गया औषधीय पौधों की जानकारी के लिए उत्तराखंड वानिकी अनुसंधान में स्थित वाटिका का भ्रमण कराया गया जिसमें श्री मदन सिंह नेगी क्षेत्राधिकारी ने सारे सभी राज्यों को औषधीय पादप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और संपूर्ण वाटिका का भ्रमण कराया






अमर उजाला

# याद रहेगी ये मुलाकात

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विवि के बीएड विशेष और एनएसएस विभाग के छात्र-छात्राओं के 40 सदस्यीय दल ने शनिवार को रामपुर रोड स्थित अमर उजाला प्रेस का भ्रमण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल और सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौरी नेगी के निर्देशन में पहुंचे शिविरार्थियों ने अखबार छपने की प्रक्रिया को जाना। उन्हें संपादकीय, प्रसार और विज्ञापन विभाग के बारे में जानकारी दी गई। अमर उजाला के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों और शिविरार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। संवाद

तत्पश्चात अपराहन में रामपुर रोड स्थित अमर उजाला प्रेस में समाचार पत्रों के संकलन संपादन मुद्रण एवं वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई सा□ में शिक्षाप्रद स्लोगन को दीवार पर पेंट किया गया और परिसर की सफाई का कार्यक्रम किया गया रात्रि के समय शिविरार्थियों ने मनोरंजन कार्यक्रम का □योजन किया।

अंतिम  दिन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह  नेगी जी की अध्यक्षता में सात दिवसीय शिविर का समापन किया गया जिसमें प्रो. ए के  नवीन प्रोफेसर विशिष्ट  अतिथि ने समापन पर सभी शिविरार्थियों ने □ सात दिवसीय शिविर में होने वाली गतिविधियों के प्रति अपने विचार रखें।  डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डॉ गौरी ने □ सात दिवसीय में होने वाली गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की अंत में। माननीय कुलपति प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह  नेगी जी द्वारा सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरीत किये गये । अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया






**समाचार पत्र**

# यूओयू का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

जासं, हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की हल्द्वानी इकाई का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू हो गया है। सोमवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा में शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला, विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डा. सिद्धार्थ पोखरियाल व सहायक कार्यक्रम अधिकारी डा. गौरी ने किया। उन्होंने एनएसएस और इसके बारे में जानकारी दी।

बेलवाल, यमन सिंह चिलवाल, चिराग बोरा, प्रधान मयंक बोरा, नवीन रहे।



यूओयू के एनएसएस शिविर का उद्घाटन करते जिपं सदस्य कमलेश चंदोला।

## यूओयू का सात दिनी एनएसएस शिविर शुरू

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना हल्द्वानी इकाई का सात दिनी विशेष शिविर सोमवार से राउमावि धौलाखेड़ा में शुरू हो गया है। जिपं सदस्य कमलेश चंदोला, विवि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल व सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौरी ने उद्घाटन किया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौरी ने शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## एनएसएस शिविर में स्वच्छता और साक्षरता का संकल्प लिया

**जासं, हल्द्वानी** : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता और साक्षरता का संकल्प लिया। रविवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा में शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. ओमप्रकाश सिंह नेगी और विशिष्ट अतिथि विधि व शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा के निदेशक प्रो. एके नवीन, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. सिद्धार्थ पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

# यूओयू का सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

अमृत विचार, हल्द्वानी

**आयोजन**

**अनेकता में एकता और सहभागिता का पाठ सिखाती है एनएसएस : प्रो. ओमप्रकाश**

रविवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन खेड़ा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओमप्रकाश सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि विधि व शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा के निदेशक प्रो. एके नवीन थे।

प्रो. ओमप्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमको अनेकता में एकता व सहभागिता का पाठ पढ़ाती है। इस तरह के कार्यक्रम आपसी सहयोग की भावना सिखाते हैं साथ ही समाज को स्वच्छता, साक्षरता व अच्छी आदतों के प्रति जागरूक करते हैं। प्रो. एके नवीन ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों की संकल्पना की दृष्टि से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय राज्य विश्वविद्यालयों में केवल एक ही ऐसा मुक्त विश्वविद्यालय है जहां राष्ट्रीय सेवा योजना स्वीकृत हुई है। दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का बहुत महत्व है। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ गौरी ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों दीप्ति, रेनू, रमेश, महेश, मुकुल, सविता, चंद्रा, रूबी गुप्ता आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।